# मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ।

पत्रांक : 1061 /यो.प्र. /2019 दिनांक 22.5.19.

सेवा में,

मै0 सुनील गर्ग एण्ड कं.
150, ईस्ट मॉडल टाउन,
गाजियाबाद-201001

**विषयः** प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत प्राधिकरण द्वारा ग्राम सरायकाजी में सीलिंग भूमि पर प्रस्तावित 576 भवनों के निर्माण कार्य के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

कृपया उपरोक्त कार्य आपके द्वारा अनुबन्ध सं. 1564/प्र.आ.यो./एस.ई./सी.ई./एम.डी.ए.-मेरठ/18 दिनांक 26.04.18 के अन्तर्गत कराया जा रहा है। प्रश्नगत स्थल पर आवास एवं विकास परिषद् द्वारा भी प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत भवन प्रस्तावित किये गये है। उनके द्वारा संयुक्त तलपट मानचित्र तैयार कराया गया है, जिसके अन्तर्गत प्राधिकरण द्वारा निर्मित कराये जा रहे 576 भवन भी निहित है। इस ले-आउट की प्रति आपको पूर्व में उपलब्ध करा दी गई थी, जिसके अनुसार आपके द्वारा स्थल पर मृदा परीक्षण भी कराया गया है।

अतः इस सम्बन्ध में आपको सूचित किया जाता हैं कि आवास एवं विकास परिषद् द्वारा तैयार कराये गये तलपट मानचित्र (छायाप्रति संलग्न) के अनुसार प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित 576 भवनों की स्ट्रक्चरल डिजाईन, जो की प्रतिष्ठित अभियन्त्रण संस्था से अनुमोदित हो, शीघ्र ही कार्यालय में उपलब्ध कराते हुए भवनों का निर्माण कार्य तीव्र गति से कराया जाना सुनिश्चित करें, यदि इस सम्बन्ध में अन्य कोई जानकारी प्राप्त करनी हो, तो अधोहस्ताक्षरी/सम्बन्धित अभियन्ताओं से प्राप्त कर लें।

**संलग्नक** : यथोक्त।

22/05/2019

**योजना प्रभारी**
**मेरठ विकास प्राधिकरण**
**मेरठ।**

**प्रतिलिपि :**

1. उपाध्यक्ष महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. मुख्य अभियन्ता महोदय को अवलोकनार्थ।
3. अधीक्षण अभियन्ता महोदय को अवलोकनार्थ।
4. श्री आर.के.गुप्ता, सहायक अभियन्ता को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. श्री अनुज कुमार शर्मा व श्री सोमेन्द्र प्रताप सिंह, अवर अभियन्ता को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

22/05/2019

**योजना प्रभारी**
**मेरठ विकास प्राधिकरण**
**मेरठ।**